बरेली, शनिवार
1 मार्च, 2025
नगर संस्करण

# दैनिक जागरण

PAGE NO IV BOTTOM

# फाइनल मुकाबले में आज खिताब के लिए भिड़ेंगे एसआरएमएस और ठेकेदार इलेवन

- विजेता टीम को मिलेगा एक लाख का इनाम और उपविजेता को 51 हजार रुपये का पुरस्कार
- मैन आफ द सीरीज को 5100, फाइनल के मैन आफ द मैच को 1100 रुपये का इनाम

जागरण संवाददाता, बरेली : श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी-20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का फाइनल मैच एसआरएमएस और ठेकेदार इलेवन के बीच एक मार्च को खेला जाएगा। विजेता टीम को एक लाख रुपये और उपविजेता को 51 हजार का पुरस्कार दिया जाएगा। मैन आफ द सीरीज को 5,100 व फाइनल में मैन आफ द मैच बनने वाले खिलाड़ी को 1,100 रुपये का नकद इनाम मिलेगा। एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने बताया कि इस बार मेरठ, वाराणसी, हरदोई, हल्द्वानी के साथ बरेली में संचालित क्रिकेट एकेडमी की 12 टीमें शामिल हुईं। टूर्नामेंट में तीन दर्जन से ज्यादा बोर्ड प्लेयर्स भी खेले।

एसआरएमएस ट्रस्ट की ओर से श्रीराम मूर्ति मेमोरियल टी- 20 प्राइज मनी क्रिकेट टूर्नामेंट के पांचवें सीजन का फाइनल मैच एक मार्च को खेला जाएगा। इसमें खिताब के लिए एसआरएमएस क्रिकेट एकेडमी और ठेकेदार इलेवन में होगा मुकाबला होगा।



टी-20 टूर्नामेंट की ट्रॉफी के साथ फाइनल खेलने वाली दोनों टीमों के कप्तान • जागरण

दोपहर बारह बजे आरंभ होने वाले इस मैच के लिए सभी तैयारियां पूरी कर ली गई हैं। यह जानकारी एसआरएमएस ट्रस्ट के सेक्रेटरी और बरेली क्रिकेट एसोसिएशन के संरक्षक आदित्य मूर्ति ने दी। उन्होंने बताया कि आइके कलेक्शन एसजी बैट बरेली की ओर से सबसे ज्यादा बोर्ड प्लेयर्स इस टूर्नामेंट में खेले। इसमें विपिन द्वारा रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे, अरुणाचल प्रदेश, वीजेइजडकाई ट्रॉफी, सैयद मुश्ताक ट्रॉफी जैसे टूर्नामेंट में हिस्सा ले चुके हैं। इसी टीम में दिव्यांश राजपूत, मधु प्रधान, इंजिमाम कुरैश, कार्तिक यादव, पृथ्वीराज सिंह चौहान, मोहम्मद शिवली, प्रथम सलूजा, अरबाज और अभिषेक अंडर-14, अंडर-16 और अंडर-19 में यूपी और यूपीसीएल से खेल चुके हैं। आइके कलेक्शन बरेली की टीम में मयंक मिश्रा अंडर-23, रणजी ट्रॉफी, विजय हजारे और सैयद मुश्ताक ट्रॉफी, पारस राज, शिवम कुमार यादी, पर्व सिंह, अंशु यादव भी राजस्तरीय प्रतियोगिताओं में खेल चुके हैं। इसी तरह अन्य टीमों में भी कई खिलाड़ी बोर्ड टूर्नामेंट में खेले हैं।

## फ्यूचर विश्वविद्यालय में शुरू हुआ ओलिंपिक्स, आज आएंगे पूर्व क्रिकेटर नयन मोंगिया

- फ्यूचर में दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट फ्यूचर ओलिंपिक्स का सीडीओ ने किया शुभारंभ
- फाइनल आज, पूर्व भारतीय क्रिकेटर नयन मोंगिया आज विजेताओं को करेंगे पुरस्कृत

जासं, बरेली : फ्यूचर विश्वविद्यालय में शुक्रवार से शुरू हुए दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट फ्यूचर ओलिंपिक्स की शुरुआत मुख्य अतिथि सीडीओ जग प्रवेश ने फ्यूचर के कुलाधिपति मुकेश गुप्ता, उपकुलाधिपति दीप गुप्ता के साथ गुब्बारा और कबूतर उड़ाकर की। पिछले ओलिंपिक के चैंपियन रहे बीएएमएस के स्वास्तिक वर्मा, बीटेक के हर्षित सैनी, देवांश तिवारी एवं अमान ने ओलिंपिक मशाल लेकर स्पोर्ट्स ग्राउंड में दौड़ लगाने के बाद मुख्य अतिथि और कुलाधिपति को मशाल सौंपते हुए मुख्य मशाल प्रज्वलित कराई।

शनिवार को पुरस्कार वितरण समारोह सबसे खास होगा। बतौर मुख्य अतिथि भारतीय क्रिकेट टीम के पूर्व अंतरराष्ट्रीय खिलाड़ी एवं विकेटकीपर रहे नयन मोंगिया मौजूद रहेंगे। विजेताओं को पुरस्कृत करने के साथ ही उनका हौसला बढ़ाएंगे। इस दौरान मुख्य अतिथि सीडीओ जग प्रवेश ने कहा कि खेल शारीरिक एवं मानसिक बल प्रदान करता है। फ्यूचर विश्वविद्यालय को इस स्पोर्ट्समैनशिप की चाल का हिस्सा बनते हुए और युवाओं से मिलने पर अच्छा लग रहा है। उन्होंने कहा आप रेगुलर प्लेयर हों या न हों, लेकिन ईमानदारी के साथ खेलना बहुत आवश्यक है।

कार्यक्रम संयोजक डा. अभिषेक सक्सेना ने सभी छात्र-छात्राओं को ओलिंपिक के नियम और अनुशासन के मुताबिक खेलों में भाग लेने के लिए शपथ दिलाई।



दो दिवसीय स्पोर्ट्स मीट फ्यूचर ओलिंपिक की शुरुआत करते अतिथि • जागरण

इसके बाद कुलाधिपति मुकेश गुप्ता ने फ्यूचर ओलिंपिक्स की औपचारिक घोषणा की। पहले दिन क्रिकेट, वालीबाल, एथलेटिक्स, बैडमिंटन, कैरम, चेस, खो खो, टेबल टेनिस आदि मैच हुए। कार्यक्रम के सह संयोजक प्रशांत प्रताप मल्ल ने सभी खेलों का विवरण छात्रों के समक्ष रखा। बताया कि शनिवार को फाइनल मैच खेले जाएंगे।